सेंट एंड्रयूज स्कॉट्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल

९वीं एवेन्यू, आई.पी.एक्सटेंशन, पटपडगंज,दिल्ली – ११००९२

सत्र: २०२६ -२७

कक्षा:- तीसरी **विषय:हिंदी** **पाठ: -१ (क्या कहने हैं सूरज भाई)**

शब्दार्थ

शब्द	अर्थ
१. घना	गहरा
२. उषा	भोर
३. सौदा	सामान
४. फटाफट	जल्दी
५. अखाड़ा	कुश्ती का मैदान
६. द्वारें	दरवाज़ा
७. गर्माहट	गरमी
८. आपा - धापी	भाग - दौड़

नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए --

प्रश्न १. सूरज कोहरे को पोंछकर क्या करता है ?

उत्तर - सूरज कोहरे को पोंछकर धरती पर अपनी किरणों (लालिमा) को फैला देता है।

प्रश्न.२. सुबह सूरज आकर कहाँ - कहाँ आवाज़ लगाता है ?

उत्तर - सुबह सूरज खिड़की और दरवाज़े पर आकर आवाज़ लगाता है ।

प्रश्न - ३. सूरज दिन भर क्या -क्या बेचता है ?

उत्तर - सूरज दिन भर किरण , धूप और गर्माहट बेचता है ।

प्रश्न ४ - सूरज शाम के समय क्या करता है ?

उत्तर - सूरज शाम के समय जल्दी से अपनी दुकान समेट **लेता** है।

निम्न शब्दों के अर्थ लिखकर वाक्य बनाइए

१. घना - गहरा

वाक्य - जंगल बहुत घना और डरावना है।

२ . सौदा - सामान

वाक्य - माँ बाज़ार से सारा सौदा ले आई ।

३. उषा - भोर , सूरज उगने के समय की लाली

वाक्य - उषा काल में हवा शुद्ध और ताज़ी होती है।